" कैरियर मार्गदर्शन और प्लेसमेंट सैल में NSS स्वयंसेवकों की भागीदारी के छायाचित्र "

Sojal
Date: / /20
Page:






# "प्रतिवेदन"

दिनांक 23/08/2022

Sujal
Date: / /20
Page:

"कैरियर मार्गदर्शन और प्लेसमेंट सैल द्वारा एक दिवसीय कार्यक्रम रामपुर बुशैहर के प्रशासन के सहयोग से सम्पन्न"

रामपुर महाविद्यालय के कैरियर मार्गदर्शन और प्लेसमेंट सैल द्वारा एक सेमिनार कार्यक्रम रामपुर प्रशासन के सहयोग के साथ सम्पन्न हुआ। जिसका शीर्षक "सहयोग हमारा संघर्ष आपका" रखा गया था। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ स्वयंसेवकों ने भी हिस्सा लिया और रोजगार से सम्बन्धित मार्गदर्शन प्राप्त किया। रोजगार प्राप्त करने के लिए क्या योग्यता होनी चाहिए और कौन-कौन सी तैयारियाँ करनी पड़ती है के सम्बन्ध में रामपुर प्रशासन के SDM, DSP, CDP.O तथा तहसीलदार द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की ~~और~~ अन्त में प्राचार्य महोदय द्वारा विद्यार्थियों को ~~विद्यार्थियों~~ उन्नत जीवन के लिए शुभकामनाएं तथा प्रशासन द्वारा बताए गए मार्ग का अनुगमन करने के लिए प्रेरित किया।

NSS कार्यक्रम अधिकारी

1. डा० अनिता कुमारी
2. प्रो. नवनीत आदय

प्राचार्य

Principal
G.B. Pant Memorial
Govt. Degree College
Rampur Bushahr (H.P.)

# रामपुर बुशहर कालेज के स्वयंसेवियों ने रोपे पौधे

7/8/22



रामपुर बुशहर। राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर की एनएसएस इकाई द्वारा शनिवार को एक दिवसीय पौधारोपण अभियान इस क्षेत्र की दत्त नगर पंचायत के 'तलाई' नामक क्षेत्र में चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत वन विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई रामपुर कालेज के स्वयं सेवक तथा दत्तनगर पंचायत के निर्वाचित सदस्य ने तलाई क्षेत्र में वन विभाग की 'स्मृति वाटिका' में पौधारोपण किया। इस मौके पर स्वयं सेवकों ने विभिन्न किस्मों के पौधे लगाए। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डाक्टर अनिता कुमारी, प्रोफेसर नवनीत भाऊटा, दतनगर पंचायत उपप्रधान जानी, वन विभाग के बीओ रंजीत सिंह, वनरक्षक नीरज सिंह तथा पचास से अधिक स्वयं सेवक मौजूद रहे।

Date: / /20
Page:



"प्राचार्य महोदय द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्ष लगाया गया"



"तलाई पंचायत के निवासि सहित



तलाई



तलाई

# PLANTATION DRIVE TALAI

'तलाई'










'तलाई'



# 'प्रतिवेदन'

Date: / /20
Page:

"वृक्षारोपण अभियान" दिनांक- 06/08/2022

रामपुर महाविद्यालय की NSS इकाई द्वारा 06 अगस्त, 2022 को रामपुर बुशहर में अवस्थित 'तलाई' नामक स्थान पर वन विभाग की 'स्मृति वाटिका' में वृक्ष रोपे गये। यह अभियान महाविद्यालय के स्वयंसेवकों, तलाई पंचायत के प्रतिनिधिमण्डल तथा वन विभाग के सहयोग से पूर्ण हुआ। इस अभियान में स्वयंसेवकों द्वारा 100 से अधिक पौधें रोपे गए। जिनमें जकरंडा, देवदार जैसे पौधों की किस्में प्रमुख रूप से रही। वन विभाग के अधिकारी B.O. श्री रंजीत द्वारा स्वयंसेवकों को प्रत्येक वृक्ष के बारे में गहनता से समझाया गया तथा वृक्ष कैसे लगाते है उस पर भी विशेष रूप से अवगत करवाया। इस अभियान में NSS कार्यक्रम अधिकारी डा० अनिता तथा प्रो० नवनीत ने भी वृक्ष लगाए तथा स्वयंसेवकों को NSS के इस अभियान का महत्व बताया।

NSS कार्यक्रम अधिकारी

1. डा० अनीता कुमारी (signature)
2. प्रो० नवनीत आक्रप (signature)

(signature)
प्राचार्य

Principal
... Pant Memorial
Govt. Degree College
Rampur Bushahr ...






"CAMPUS CLEANESS Drive"







'प्रतिवेदन' दिनांक - 8/8/22

"महाविद्यालय परिसर में दो दिवसीय सफाई अभियान"

रामपुर महाविद्यालय की NSS इकाई द्वारा दो दिवसीय महाविद्यालय परिसर की सफाई अभियान कार्यक्रम दिनांक 5,6 अगस्त, 2022 को सम्पन्न हुआ। पांच अगस्त को स्वंयसेवकों द्वारा सम्पूर्ण महाविद्यालय में सफाई अभियान कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें महाविद्यालय परिसर में उगी घास और अन्य अवशेष को इकट्ठे किया गया। स्वंयसेवकों द्वारा लगभग 15 बैग प्लास्टिक को इकट्ठा किया गया। छः तारीख को महाविद्यालय में स्वयं सेवकों ने विभिन्न किस्म के लगभग 25 पौधे लगाए। इस उपलक्ष्य पर रामपुर क्षेत्र के दौरे पर आए संयुक्त निदेशक ने भी परिसर में वृक्ष रोपा तथा सभी स्वंयसेवकों को वृक्ष के महत्व से अवगत करवाया। संयुक्त निदेशक श्री आशीष मिश्रा ने सभी को महाविद्यालय परिसर में इस तरह के कार्य के लिए बधाई दी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पी.बी. आर. नेगी ने सभी स्वंयसेवकों के कार्य को सराहा।

कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य

Principal
Govt. Degree College
Rampur Bushahr

1. डॉ. अनिता कुमारी

2. प्रो. नवनीत आजाद



# तिरंगा यात्रा छायाचित्र

'महाविद्यालय परिसर से रामपुर बाजार'










दिनांक- 12, 13, 15 अगस्त 2022

"प्रतिवेदन"

"आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम में महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन"

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जुलाई 2022 पत्र संख्या F.No. 1-27/2022 (CPP-II) के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय रामपुर में आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह आयोजन दिनांक 12 और 13 अगस्त को महाविद्यालय परिसर में हुआ। महाविद्यालय की NSS इकाई द्वारा 12 अगस्त को परिसर में आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभिन्न पेपर पोस्टर बनाए और उन्हें महाविद्यालय परिसर में लगाया। 13 अगस्त को स्वयंसेवकों द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा महाविद्यालय परिसर से होते हुए सम्पूर्ण रामपुर बाजार में निकाली गई जिसका माध्यम विद्यार्थियों के द्वारा सम्पूर्ण क्षेत्र के लोगों में तिरंगा की अलख जगाना रहा। यह यात्रा अन्तिम में वापिस महाविद्यालय परिसर पहुँची जहां महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर बी. सी. आर. नेगी द्वारा सभी को रैली के तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी गई तथा तिरंगा के महत्व के साथ आजादी के अमृत महोत्सव के महत्व को समझाया गया।

पन्द्रह (15) अगस्त को महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य महोदय द्वारा ध्वजारोहण करने के पश्चात महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य महोदय द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय में पांच देवदार के पौधे लगाए।

NSS कार्यक्रम अधिकारी

1 डा. अनिता कुमारी

2 प्रो० नवनीत

प्राचार्य

Sajal


NATIONAL SERVICE SCHEME
NOT ME
BUT YOU
G. B. PANT MEMORIAL GOVT. COLLEGE
RAMPUR BUSHAHR


GOVIND BALLABH PANT MEMORIAL
GOVERNMENT COLLEGE RAMPUR
NATIONAL SERVICE SCHEME
NOT ME
BUT YOU

PM IMG_20220902_155677.jpg

# रामपुर कालेज में बताया तिरंगे का महत्व




रामपुर बुशहर। आजादी के अमृत महोत्सव के हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत रामपुर महाविद्यालय की एनएसएस तथा आरएंडआर इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में पोस्टर बनाए गए तथा तिरंगे के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पीसीआर नेगी द्वारा की गई। इस मौके पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को आजादी के अमृत महोत्सव के महत्व के साथ उन्हें तिरंगे के महत्व को समझाया। इस अवसर पर प्रो. राजेश नेगी, प्रो. गौरव सुद एनएसएस तथा आरएंडआर अधिकारी डॉक्टर अनिता कुमारी, प्रो. नवनीत भाऊटा, प्रो. जयंतीमाला, डाक्टर अजेद नेगी तथा एनएसएस और आरएंडआ के विद्यार्थी हिमालयन, निशांत, हर्ष, प्रांजल, मुनीषा, नेहा, श्रुति, निकिता, वीना, ज्योति बाला, वर्षा, रितिका तथा मुस्कान आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा शुक्रवार को विभिन्न स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रामपुर बाजार में तिरंगा रैली भी निकाली।

# प्रतिवेदन

Date: / /20
Page:

"महाविद्यालय में नव पंजीकृत स्वयंसेवियों के साथ प्रथम संवादात्मक सत्र"

रामपुर महाविद्यालय की NSS इकाई द्वारा 06 सितंबर 2022 को नव पंजीकृत स्वयंसेवियों के साथ प्रथम संवादात्मक सत्र (Interactive Session) का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को बढ़ावा देने हेतु नव पंजीकृत स्वयंसेवियों के साथ मेल मिलाप किया गया। सभी छात्रों ने राष्ट्रीय सेवा योजना पर अपने विचार प्रस्तुत किए। जिसमें हमारे प्रोग्राम ऑफिसरों ने नए छात्रों को NSS का महत्व बताया और NSS में होने वाली विभिन्न गतिविधियों से अवगत करवाया।

NSS कार्यक्रम अधिकारी

डॉ अनिता कुमारी

प्रो. नवनीत भाऊटा

PRINCIPAL
Principal
G. B. Pant Memorial
Govt. Degree College,
Rampur Bushahr (H.P.)

Date: / /20
Page:


NATIONAL SERVICE SCHEME
राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME
NOT ME
BUT YOU
G. B. PANT MEMORIAL GOVT. COLLEGE
RAMPUR BUSHAHR


GOVIND BALLABH PANT MEMORIAL
NATIONAL SERVICE SCHEME

दिनांक 12/09/2022 से 21/09/2022

प्रतिवेदन

" महाविद्यालय के दो स्वयंसेवियों ने एडवेन्चर कैम्प नारकण्डा में भाग लिया "

दिनांक 12 सितंबर 2022 से 21 सितंबर 2022 तक नारकण्डा स्थित ABVIMAS (Atal Bihari Vajpayee Institute of Mountaineering and Allied Sports) में एडवेन्चर कैम्प का आयोजन किया गया था। जहां हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ के कुल 40 (विद्यार्थियों) NSS स्वयंसेवियों ने भाग लिया। महाविद्याय के दो स्वयंसेवी साक्षी और तुषार शर्मा ने इस कैम्प का हिस्सा बन कर पर्वतारोहण, शिलारोहण, ट्रैकिंग, घाटी चौराहा, जुमारिंग इत्यादि विभिन्न पर्वतारोहण गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही साथ इन स्वयंसेवियों को प्रसिद्ध पर्यटक स्थल नारकण्डा के विभिन्न क्षेत्रों और हिमालय पर्वत श्रृंखला के संबंध में भी अहम जानकारी दी गई। इस कैम्प में स्वयंसेवियों के प्रशिक्षक रहे श्री अनिरुद्ध चौहान, श्री सन्तोष कैंथला, श्री निश्चय राणा, श्री सन्दीप नेगी जी। कैम्प के अंतिम दिन स्वयंसेवियों को ABVIMAS नारकण्डा द्वारा बैज आबंटित कर उनका मनोबल बढ़ाया गया।

NSS कार्यक्रम अधिकारी

डॉ अनिता कुमारी

Principal
PRINCIPAL
G. B. Pant Memorial
Govt. Degree College,
Rampur Bushahr (H.P.)


STATE NSS CELL
HIMACHAL PRADESH
ADVENTURE CAMP
at

दिनांक- २४ सितंबर 2022

# प्रतिवेदन

" महाविद्यालय में NSS दिवस कार्यक्रम का आयोजन "

रामपुर महाविद्यालय की NSS ईकाई I और ईकाई II द्वारा NSS दिवस का आयोजन किया गया। इस दिवस पर NSS कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा स्वयंसेवियों को NSS की स्थापना, विभिन्न गतिविधिया, कार्यक्रम, NSS के प्रतीक और महत्व से अवगत करवाया गया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगित, चित्रकला और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे सभी स्वयंसेवियों और महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ चढ कर भाग लिया और दस दिवसीय NSS एडवेन्चर कैंप में भाग लेने वाले स्वयंसेवी साक्षी और तुषार शर्मा ने इस कैम्प की रिपोर्ट प्रस्तुत की और अपना अनुभव सभी स्वयंसेवियों के साथ साझा किया।

NSS कार्यक्रम अधिकारी

डॉ अनिता कुमारी

डॉ विपन शर्मा

PRINCIPAL


SCHEME

# प्रतिवेदन

Sajal Date: / /20 Page:

"महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय सफाई अभियान"

महाविद्यालय की NSS इकाई एक और दो द्वारा दिनांक 24 सितम्बर 2022 को एक दिवसीय सफाई अभियान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर में उगी घास और अन्य अवशेषों को एकत्र किया गया। यह सफाई अभियान महाविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार से शुरु किया गया और दोपहर दो बजे यह महाविद्यालय मैदान के प्रवेश द्वार पर जाकर खत्म हुआ। महाविद्यलय के सभी गमलों से घास हटाया गया और सभागार के आस पास का क्षेत्र अत्याधिक आकर्षक बनाया गया। इस अभियान के अंत में NSS कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिता तथा डॉ विपन शर्मा ने स्वयंसेवियों को इस अभियान और स्वच्छता के महत्व से अवगत करवाया।

NSS कार्यक्रम अधिकारी

डॉ अनिता कुमारी

डॉ विपन शर्मा

PRINCIPAL
Principal
G. B. Pant Memorial
Govt. Degree College,
Rampur Bushahr (H.P.)




Jaghori, Himachal Pradesh, India
NSS
N.S.S

दिनांक - 15 से 18 अक्तूबर 2022

## प्रतिवेदन

"महाविद्यालय में आयोजित वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में स्वयंसेवियो की सहभागिता"

महाविद्यालय मे इंटर कॉलेज वालीबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन दिनांक 15 अक्तूबर 2022 से 18 अक्तूबर 2022 तक किया गया। जिसमें स्वयंसेवियो (NSS इकाई I और II) ने अहम भूमिका निभाई। NSS इकाई I और II के पांच स्वयंसेवियो ने प्राथमिक चिकित्सा (First Aid) और लगभग 20 स्वयंसेवियो ने भोजन प्रबधन मे अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। साथ ही साथ मैदान मे पानी का प्रबंध करने और मैदान की स्वच्छता मे भी स्वयंसेवियो ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस इंटर कॉलेज वॉलीबाल चैम्पियनशिप मे NSS स्वयंसेवियों के योगदान के लिए महाविद्यालय के प्रचार्य महोदय ने NSS कार्यक्रम अधिकारियों को शुभकामनाएँ दी और उनके कार्य की सराहना की।

NSS कार्यक्रम अधिकारी

डॉ अनीता कुमारी

डॉ विपन शर्मा

Principal
G. B. Pant Memorial
Govt. Degree College,
Rampur Bushahr (H.P.)




FIRST-AID
BOX

दिनांक - 19 अक्टूबर 2022

## प्रतिवेदन

Date: / /20
Page:

"महाविद्यालय परिसर और मैदान में एक दिवसीय स्वच्छता अभियान"

दिनांक 19 अक्टूबर 2022 को महाविद्यालय परिसर में और मैदान में एक दिवसीय स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। स्वयंसेवियों ने कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के मैदान से की और दोपहर तक संपूर्ण महाविद्यालय परिसर से प्रत्येक स्वयंसेवी ने पांच किलोग्राम तक प्लास्टिक एकत्र किया। एकत्र किया गया प्लास्टिक नगर निगम द्वारा पुनर्चक्रण (Recycling) के लिए ले जाया गया। महाविद्यालय की NSS ईकाई I और इकाई II के इस कार्य के लिए नगर निगम और महाविद्यालय के प्रचार्य और प्राध्यापकों द्वारा सराहना की गई।

NSS कार्यक्रम अधिकारी

डॉ अनिता कुमारी

डॉ विपन शर्मा

PRINCIPAL
Principal
G. B. Pant Memorial
Govt. Degree College.
Rampur Bushahr (H.P.)



# प्रतिवेदन

Date: / /20
Page:

"महाविद्यालय की NSS इकाई द्वारा बुक बैंक
की स्थापना"

रामपुर महाविद्यालय की NSS इकाई द्वारा महाविद्यालय के छात्रों के लिए बुक बैंक की व्यवस्था की गई। बुक बैंक के लिए महाविद्यालय के प्रध्यापकों द्वारा पुस्तकें दान की गई और NSS इकाई द्वारा इन पुस्तकों से बुक बैंक का प्रबंधन किया गया। बुक बैंक पुस्तकों के साथ शुरु हुआ और इसकी शुरुआत के पहले ही महीने में छात्रों द्वारा लगभग पुस्तके इश्यू की गई। बुक बैंक की स्थापना से महाविद्यालय के अनेक छात्रों जो आर्थिक रूप से पुस्तकें खरीदने में असमर्थ हैं अपनी पढ़ाई सुचारु रूप से कर पा रहे हैं। पुस्तकालय के प्रबंधन में NSS कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिता कुमारी और डॉ बिपन शर्मा के साथ स्वयं-सेवी हिमालयन ने सर्वाधिक अहम भूमिका अभिनित की।

NSS कार्यक्रम अधिकारी

डॉ अनिता कुमारी
डॉ बिपन शर्मा

PRINCIPAL
G. B. Pant Memorial
Govt. Degree College,
Rampur Bushahr (H.P.)

# प्रतिवेदन

Sojal Date: / /20 Page:

"चुनावो में NSS स्वयंसेवियो की सहभागिता"

दिनांक 12 नवंबर 2022 को विधानसभा चुनाव के मतदान दिवस के दिन रामपुर महाविद्यालय की NSS ईकाइ एक और दो द्वारा रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों में स्वयंसेवियो की सहभागिता सुनिश्चित की गई। यहा स्वयंसेवियो ने सुरक्षा कर्मचारियो के साथ मिल कर मतदाओं की पंक्तियो का प्रबंधन करने, मतदाताओं को अनुकूल माहौल प्रदान करने, मतदाताओं को मतदान केंद्र में फोन ले जाने से रोकने और अनुशासन बनाए रखने में अपनी भूमिका सुनिश्चित की। सभी स्वयं सेवियो को मतदान केंद्र के प्रिसाइडिंग ऑफिसर द्वारा उनके कार्य के लिए एक प्रमाण - पत्र प्रदान किया गया।

NSS कार्यक्रम अधिकारी

डॉ अनिता कुमारी [signature]

डॉ विपन शर्मा [signature]

[signature]
PRINCIPAL
Principal
G. B. Pant Memorial
Govt. Degree College,
Rampur Bushahr (H.P.)


पोलिंग बूथ










Photographs of the event

प्रतिवेदन

Date 30/05/2023
Page:

"महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन राईटिंग प्रतियोगिता का आयोजन"

**GOVT. COLLEGE RAMPUR BSR.**

**REPORT OF NSS ACTIVITIES IN THE MONTH OF MAY, 2023**

With reference to the letter no.P3/mission life/NSS/Chandigarh/2023 dated 23rd May, 2023 , the following activities were organized by the NSS units of Rampur Bsr.

1. Poster making and Slogan writing completion
2. Lecture on burning environmental issues

In both the events, about 40 volunteers showed their active participation. The theme of the event was **"Energy conservation and water conservation".** In the poster making competition, Samriti of B.A. IInd year secured Ist position, Priyanka of M.A IInd sem and Devendra of M.SC. IInd secured IInd and IIIrd position respectively. In the slogan writing event, Ist position was bagged by Devendra of M.SC. IInd sem., Aniket of BA Ist and Akanksha of MA IInd bagged IInd and IIIrd position.

The aim of these above events was to sensitize the students about environment, its importance and the measures that we can take to protect the global biodiversity.

Programme Officer
NSS Unit 1

Programme Officer
NSS Unit 2

Principal
Principal
G.B. Pant Memorial
Govt. College Rampur Bsr.
Distt. Shimla (H.P.)-172001
D.D.O. Code : 213

03/06/2023

"पर्यावरण दिवस के उपलक्ष पर विशेष सम्भाषण का आयोजन"

आज महाविद्यालय के NSS इकाई 1 तथा 2 ने "विश्व पर्यावरण" दिवस के उपलक्ष पर महाविद्यालय के 'इको क्लब' के सहयोग से एक विशेष सम्भाषण का आयोजन करवाया। इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता डा० गोपी चन्द नेगी ने पर्यावरण सुरक्षा के विषय पर विचार प्रस्तुत किये। इन्होंने कहा कि किस तरह से पर्यावरण के मुख्य घटकों - जैविक और अजैविक, मे प्लास्टिक प्रवेश कर रहा है। अन्य भारी धातुएं जैसे सीसा तथा पारा आदि भी कीटनाशकों तथा उर्वरकों के उपयोग से प्राणियों के शरीर में प्रवेश कर इन्हें नुकसान पंहुचा रहे है। इस सम्भाषण का आयोजन NSS के संयोजक डा० अनीता तथा डा० विपन शर्मा ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया। कॉलेज के प्राचार्य डा० विद्या बन्धु ने सम्भाषण की सराहना की। डा० गीता शर्मा, प्रो राजेश नेगी, डा० कपूर चन्द, प्रो नोरबू नेगी, डा० योत्स्ना, डा० अजेन्दर, डा० अंजली तथा श्री साधु राम के साथ साथ लगभग 80 छात्रों ने सम्भाषण को सुना।

डा० अनीता

डा० विपन शर्मा

प्राचार्य

Principal
G.B. Pant Memorial
Govt. College Rampur Bsr
Distt. Shimla (H.P.)-172001
D.D.O. Code : 213







